9Y-02

दि० 09.01.2023 को NIT - 09/SBD/2022 - 23 के ग्रुप संख्या 02 के सम्बन्ध में प्राप्त परिवाद पर विचार हेतु निविदा तकनीकी मूल्यांकन समिति की कार्यवाही :-

1. **उपस्थिति :-**

i.	श्री अनुराधा चन्द्र, अधीक्षण अभियन्ता, कार्य अंचल - 02	-	अध्यक्ष
ii.	श्री नवलेश कुमार, कार्यपालक अभियन्ता, मुजफ्फरपुर प्रमंडल	-	सदस्य
iii.	श्री रितेश आनंद, वित्त सलाहकार, मुख्यालय, पटना	-	सदस्य
iv.	श्री देवेन्द्र कुमार सिंह, सहायक अभियंता, कार्य अंचल - 02	-	सदस्य

2. **प्राप्त परिवाद एवं समिति की कार्यवाही :-**

दि० 13.12.2022 को संपन्न निविदा तकनीकी मूल्यांकन समिति की कार्यवाही को निगम के वेबसाइट पर अपलोड कर निविदाकारों को दि० 19.12.2022 तक अपनी निविदा के सम्बन्ध में दावा / आपत्ति दर्ज कराने हेतु इ मेल से संसूचित किया गया था । निविदा में कुल पाँच निविदाकारों ने भागा लिया है जिसमे दो निविदाकार यथा Arun Kumar Singh एवं Chanakya Technos Pvt. Ltd. को ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा डिबार किये जाने के कारण इनकी निविदाओं पर विचार नहीं किया गया । शेष तीन निविदाकारों यथा Dharmendra Kumar, Sri Ram Enterprises एवं Srishti Nirman को समिति द्वारा पथ निर्माण विभाग के पत्र संख्या 6158 (S) दि० 09.07.14 के अनुसार प्रथम प्रक्रम में वर्णित प्रावधानों के आलोक में असफल किया गया था अतः बाद में इनके द्वारा समर्पित किसी भी कागजात की मान्यता नहीं दी जा सकती ।

उपरोक्त के आलोक में मुख्य अभियन्ता महोदय के निर्देशानुसार उनके समक्ष निविदा में निविदाकारों द्वारा समर्पित कागजातों की पुनः जांच की गयी जिसमे निम्नांकित तथ्य पाए गए :-

i. Dharmendra Kumar :- लेखा शाखा से प्राप्त तुलनात्मक विवरणी के अनुसार इन्होने वर्ष 2020 - 21 एवं 2021 - 22 का पूरा Tax Audit Report न देकर सिर्फ 3 CB attach किया है जिसके अनुसार इनका Turn Over वर्ष 2019 - 20 के आधार पर निकाला गया है जो वांछित से कम है ।

प्राप्त परिवादों के आलोक में इनके द्वारा समर्पित कागजातों की वित्त सलाहकार द्वारा पुनः जांच की गयी एवं पाया गया कि इन्होने पृष्ठ 231 से 239 पर उपरोक्त Turn Over का विवरण UDIN के साथ समर्पित किया गया है जो ITR के Turn Over के अनुरूप है साथ ही वित्त सलाहकार द्वारा UDIN की वैधता भी जांच कर ली गयी है । उक्त के अनुसार इनका वर्ष 2021 - 22 का सिविल कॉन्ट्रैक्ट से Turn Over रु० 5,51,12,626 /- है जो वांछित से अधिक है अतः वित्त सलाहकार द्वारा इनके द्वारा समर्पित कागजातों को सही पाया गया है ।

उपरोक्त परिप्रेक्ष्य में इन्हें सफल घोषित किया जाता है ।

ii. Sri Ram Enterprises :- लेखा शाखा से प्राप्त तुलनात्मक विवरणी के अनुसार इन्होने विगत पाँच वर्षो का पूरा Tax Audit Report समर्पित न कर सिर्फ 3CB समर्पित किया है जिसके कारण इन्हें असफल किया गया है ।

प्राप्त परिवादों के आलोक में इनके द्वारा समर्पित कागजातों की वित्त सलाहकार द्वारा पुनः जांच की गयी एवं पाया गया कि पृष्ठ 29 से 73 पर इनके द्वारा Turn Over का विवरण UDIN के साथ समर्पित किया गया है जो ITR के Turn Over के अनुरूप है साथ ही वित्त सलाहकार द्वारा UDIN की वैधता भी जांच कर ली गयी है ।

समर्पित कागजातों के अनुसार इनका वर्ष 2020 - 21 का सिविल कॉन्ट्रैक्ट से Turn Over रु० 2,49,73,58,370/- है जो वांछित से अधिक है अतः वित्त सलाहकार द्वारा इनके द्वारा समर्पित कागजातों को सही पाया गया है । ।

उपरोक्त परिप्रेक्ष्य में इन्हें सफल घोषित किया जाता है ।

iii. Srishti Nirman :- इनके द्वारा रजिस्ट्रेशन, चरित्र प्रमाण पत्र, विद्युत् लाइसेंस, PAN एवं GST समर्पित नहीं करने के कारण असफल किया गया था ।

प्राप्त परिवादों के आलोक में इनके द्वारा समर्पित कागजातों की पुनः जांच की गयी एवं उक्त कागजात नहीं पाए गए, प्रथम प्रक्रम में ही असफल होने के कारण बाद में समर्पित इनके कागजातों पर कोई विचार करना संभवा नहीं है अतः इनके सम्बन्ध में समिति का निर्णय यथावत है ।

2023/1/17 15:54

AY-02

63

3. **समिति की कार्यवाही एवं निर्णय** :-

उपरोक्त परिप्रेक्ष्य में निविदा तकनीकी मूल्यांकन समिति द्वारा दि० 13.12.2022 को लिए गए निर्णय को अवक्रमित करते हुए दो निविदाकारों यथा Dharmendra Kumar एवं Sri Ram Enterprises को सफल घोषित किया जाता है एवं इनकी निविदा पर अग्रतर निर्णय लिया जा सकता है ।

D.K. Singh 9/1/23	A.E. 9/1/23	Ritesh Anand 09/01/22.	9/1/23
सहायक अभियन्ता	कार्यपालक अभियन्ता	वित्त सलाहकार	अधीक्षण अभियन्ता
कार्य अंचल - 2	मुजफ्फरपुर प्रमंडल	मुख्यालय, पटना	कार्य अंचल - 2

2023/1/17 15:54